सप्तदश बिहार विधान सभा

अष्टम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या–03 बुधवार, दिनांक–01 मार्च, 2023 ई०।

माननीय अध्यक्ष श्री अवध विहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:28 बजे अपराह्न तक।

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों को अपने स्थान पर बैठ जाने का अनुरोध किया गया तथा माननीय नेता विरोधी दल को अपनी बात रखने के लिए कहा गया।

तदुपरान्त माननीय नेता विरोधी दल द्वारा अपनी बातों को रखा गया जिसपर माननीय संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी एवं माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा सरकार की तरफ से स्थिति स्पष्ट की गई।

[1] प्रश्नकाल :–

(i) 05 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।
(ii) 16 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(iii) 20 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
(iv) 173 तारांकित प्रश्न अनागत।

तारांकित प्रश्न संख्या–170 के निस्तारण के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण पुनः शोरगुल करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात आसन द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार को सदन की ओर से उनके जन्म दिन पर बधाई दी गयी।

[2] आसन की सूचना :–

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि प्रश्नों के जवाब देने में सरकार ने पूरी तत्परता दिखाने का काम किया है तथा ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग से शत प्रतिशत प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए हैं।

[3] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–

माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद, श्री संजय सरावगी, श्री जनक सिंह एवं श्री नीरज कुमार सिंह द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

[4] शून्यकाल :–

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

(i)	श्री भरत बिंद	(ii)	श्री महा नंद सिंह
(iii)	श्री इजहारूल हुसैन	(iv)	श्री विनय कुमार सिंह
(v)	श्रीमती मंजू अग्रवाल	(vi)	श्री राम रतन सिंह
(vii)	श्री संदीप सौरभ	(viii)	श्री राम बली सिंह यादव
(ix)	श्री बिरेन्द्र प्रसाद गप्ता	(x)	श्री अमरजीत कुशवाहा
(xi)	श्री अजीत कुमार सिंह	(xii)	श्री मुकेश कुमार यादव
(xiii)	श्री अरूण सिंह	(xiv)	श्री सत्यदेव राम
(xv)	श्री सूर्यकान्त पासवान	(xvi)	श्री रणविजय साहू
(xvii)	श्री विनय कुमार चौधरी	(xviii)	श्री मनोज कुमार मंजिल
(xix)	श्री ललित नारायण मंडल	(xx)	श्री सुदामा प्रसाद
(xxi)	श्री अखतरूल ईमान	(xxii)	श्री गोपाल रविदास

[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–

(i) माननीय सदस्य श्रीमती प्रतिमा कुमारी एवं अन्य सभासदों का गृह विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्रीमती प्रतिमा कुमारी द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, गृह विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य डॉ० निक्की हेम्ब्रम एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण की सूचना अपृष्ठ हुई।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 04:21 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

सभा की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2023 को माननीय सदस्य श्री महबूब आलम द्वारा सदन में असंसदीय शब्दों के प्रयोग का मामला उठाया गया तथा उनपर कार्रवाई की मांग की गयी। आसन द्वारा निदेश दिया गया कि कार्यवाही की जांचोपरान्त जो भी शब्द असंसदीय पाये जायेंगे, उसे कार्यवाही से हटा दिया जायेगा।

[6] महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद–विवाद (दिनांक 28 फरवरी, 2023 से जारी) एवं सरकार का उत्तर :–

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद–विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

1. श्री विजय कुमार सिन्हा, नेता विरोधी दल
2. श्री अजीत शर्मा, स०वि०स०
3. श्री अजय कुमार, स०वि०स०
4. श्री सूर्यकान्त पासवान, स०वि०स०
5. श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०
6. श्री राज कुमार सिंह, स०वि०स०
7. श्री प्रहलाद यादव, स०वि०स०

तदोपरान्त महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार की ओर से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गये।

तत्पश्चात सदन द्वारा माननीय नेता विरोधी दल श्री विजय कुमार सिन्हा का संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा माननीय सदस्य, श्री भूदेव चौधरी का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

आसन से घोषणा की गई कि "सदस्यगण इस अभिभाषण के लिए महामहिम राज्यपाल के कृतज्ञ हैं"।

[7] <u>निवेदन</u> :–

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 35 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें।

तत्पश्चात् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक–02 मार्च, 2023 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–01.03.2023

पवन कुमार पाण्डेय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।